# मेरे भोले की बारात | By Sanjay Chauhan |

मेरे भोले की बारात में
ढोल नगाड़े बाजे
भांग धतूरा पीकर भोले
चले हैं ब्याह रचाने
मेरे भोले की बारात में
ढोल नगाड़े बाजे

सर्पों की माला है गले में
अंग भभूत लगी है
भाल चंद्रमा हाथ में डमरू
अजब सी इनकी छबी है
शिव भोले के आगे आगे
भूत प्रेत भी नाचे
मेरे भोले की बारात में
ढोल नगाड़े बाजे

पार्वती की जिद से देखो
कैसा शुभ दिन आया
भूतनाथ भगवान ने
गौरा जी से ब्याह रचाया
धूनी खूब रमाने वाले
चले हैं गौरा लाने
मेरे भोले की बारात में
ढोल नगाड़े बाजे

कोई ढोल बजाता जावे
कोई नाच नचावे
शिव पर फूल चढ़ावे
कोई रंग गुलाल उड़ावे
हा हा कार मचाते जावे
कोई एक ना माने
मेरे भोले की बारात में
ढोल नगाड़े बाजे

धूम धाम से शिव बारात
जब पार्वती घर आई
देव जनों और भक्त गणों में
कैसी खुशियाँ छाई
वरमाला ले आई गौरा
शिव जी को पहनाने
मेरे भोले की बारात में
ढोल नगाड़े बाजे

भांग धतूरा पीकर भोले
चले हैं ब्याह रचाने
मेरे भोले की बारात में
ढोल नगाड़े बाजे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ad%e0%a5%8b%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a4-by-sanjay-chauhan/